कार्यालय–जनपद न्यायाधीश, बस्ती।

संख्याः 40 **/नजारत/नीलामी नोटिस, दिनांकित–29.03.2023**

नीलामी नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय बस्ती में वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिये निम्नलिखित दुकानों तथा खाली जमीन में फल आदि का व्यवसाय करने हेतु सार्वजनिक नीलामी दिनांक **10.04.2023,** दिन शुक्रवार को दिन में 01.30 बजे जनपद न्यायालय, बस्ती के वीडियो कान्फ्रेंसिंग हाल में नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न की जायेगी।

क्रम संख्या	**प्रस्तावित दुकान व ठेके जिसकी नीलामी होनी है।**	**संख्या**	**टिप्पणी**
1.	चाय, मिठाई, नमकीन आदि की दुकान	03	
2.	गुमटी में पान की दुकान(न्यायालय परिसर के बाहर)	01	
3.	ठेले पर फल बेचने का ठेका	01	
4.	खाली जमीन में अन्य व्यवसाय हेतु	03	
5.	फोटो स्टेट की दुकान	02	
6.	साइकिल स्टैण्ड का ठेका	01	
7.	कम्प्यूटर टाइपिंग की दुकान	01	

उपरोक्त की नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/ठेकेदारों को निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा–

01. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को मु0 100.00 नकद प्रति फार्म की दर से नजारत कार्यालय से दिनांक **31.03.2023 से 04.04.2023** तक किसी भी कार्यालय दिवस में नीलामी फार्म प्राप्त करना होगा।

02. नीलामी में उच्चतम बोली बोलने व्यक्ति को संपूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।

03. प्रत्येक दुकान तथा ठेकेदार को जमानत राशि के रूप में मु0 1000.00 रूपया नकद प्रति फार्म की दर से नीलामी फार्म के साथ दिनांक **31.03.2023 से 05.04.2023** तक किसी भी कार्यालय दिवस में जमा करना होगा।

04. प्रत्येक दुकान अथवा ठेके के लिये अलग अलग नीलामी फार्म प्रस्तुत करना होगा।

05. जमानत की राशि ठेका की अवधि समाप्त होने के पश्चात वापस की जायेगी।

06. किसी भी व्यक्ति/ठेकेदार की नीलामी स्वीकृत करने, अस्वीकृत करने अथवा बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार, माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, बस्ती को होगा।

07. आवंटी को प्राप्त दुकान/ठेका दिनांक **31.03.2024** तक प्रभावी माना जायेगा।

इस नोटिस/सूचना की छायाप्रतियॉ विस्तृत प्रचार प्रसार हेतु जनपद न्यायालय बस्ती के विभिन्न नोटिस बोर्डो, जिला अधिकारी बस्ती, पुलिस अधीक्षक बस्ती, विकास भवन, तहसील सदर, जिला सूचना अधिकारी बस्ती, जिला योजन कार्यालय बस्ती, प्रधान डाकघर, रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस्ती आदि समस्त राजकीय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायी जाये तथा जनपद न्यायालय बस्ती के वेवसाइट पर भी अंकित कराया जाये।

Shobha Bhatia 29/03/2023 | 29/03/2023 | 29/3/23 | 29/03/2023

(शोभा भाटिया) **सदस्य नीलामी समिति** सिविल जज (जू0डि0) बस्ती।	**(उमेश यादव)** **सदस्य नीलामी समिति** अति0 मुख्यान्यायिक दण्डाधिकारी बस्ती।	**(विजय कुमार कटियार)** **सदस्य नीलामी समिति** अति0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ फास्ट ट्रैक कोर्ट,बस्ती।	**(शिवचन्द)** **अध्यक्ष नीलामी समिति** अति0जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0एक्ट बस्ती।

29/3/23.